कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 05-09-2024

विषय:- **एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) में वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान।**

- **वाराणसी पुलिस को कमिश्नरेट गठन के उपरान्त IGRS रैकिंग में प्राप्त हुआ प्रदेश में प्रथम स्थान।**
- **शिकायतों का समयबद्ध (30/30), गुणवत्तापूर्ण (50/50) निस्तारण एवं मुख्यमंत्री कार्यालय से लिये गये फीडबैक (45/45) में प्राप्त हुए शतप्रतिशत (125/125) अंक।**
- **सीपी द्वारा स्वंय मॉनिटरिंग कर शिकायत निवारण में लापरवाही व शिथिलता बरतने वाले पुलिस कर्मियों के विरूद्ध निलम्बन व अन्य दण्डात्मक कार्यवाही की गयी।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्ता के साथ संतुष्टिपुर्ण निस्तारण एवं समाधान हेतु एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) प्रचलित है। **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में वाराणसी कमिश्नरेट, कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के उपरान्त प्रथम बार प्रदेश में शतप्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूर्व में (2021 के उपरान्त) जनपद की रैकिंग 60 से 75 के मध्य रहती थी।**

वाराणसी में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद भी वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट की रैकिंग IGRS के निस्तारण में प्रदेश के जनपदो में निचले पायदान पर होती थी। पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल के द्वारा लगातार पर्यवेक्षण कर IGRS के निस्तारण में रूचि न लेने एवं लापरवाही व शिथिलता बरतने वाले पुलिसकर्मियों के विरूद्ध निलम्बन समेत अन्य विभागीय कार्यवाही की गयी। कमिश्नरेट के समस्त अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए स्वंय मॉनिटरिंग कर शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता पर समबद्ध व गुणवत्तापूर्ण के साथ निस्तारण किये जाने के परिणाम स्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।